तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024



11 गायिका मोनाली और साबरी ने दी शानदार...



11 विहिप नेताओं ने विधायक को ज्ञापन देकर आयोजन...











## खबर संक्षेप

### सरपंच पति की संदिग्ध मौत विधायक से जांच की मांग



**पखांजुर।** अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी से स्वरूपनगर पंचायत के सरपंच पति की अज्ञात कारण से मृत्यु होने से विधायक के पास सरपंच ने मदद की गुहार लगाते हुए बताया कि 8 सितंबर को स्वरूपनगर के सरपंच पति स्व. राज बिहारी मिस्त्री पीव्ही 62 के निवासी कीअज्ञात कारणो से गांव का ही एक व्यक्ति के घर मृत अवस्था मे पाया गया था, जिसका अब तक भी कोई जांच पड़ताल नहीं हो पाई है। स्वरूपनगर के सरपंच रितु भगत मिस्त्री अपने पति की किस कारण मृत्यु हो गई, उसकी जाँच के लिए अंतागढ़ विधानसभा के विधायक विक्रम उसेंडी से मुलाकात किया है। विधायक ने तत्काल बात सुनकर एडिशनल एसपी को इस संबंध में जांच एवं स्पष्ट जानकारी देने कहा है।

### नर्सरी भ्रमण के दौरान छात्रों को दी जानकारी



**कांकेर।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिंगारभाट के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत एग्रो इंडस्ट्रियल विषय अंतर्गत नर्सरी का भ्रमण कराया गया। नर्सरी के प्रबंधक द्वारा नर्सरी में लगे हुए विभिन्न प्रकार के सजावटी, औषधिय, मसाले, फूल एवं फलों वाले पौधों के विभिन्न भारतीय एवं विदेशी किस्मों के बारे में जानकारी दिया। सहायक प्राध्यापक इंजी. गंगाधर भगत द्वारा नर्सरी व्यवसाय में भविष्य में होने वाले विस्तार के संभावनाओं को बताया।

### ग्राम मोखा में 7 दिनी रासेयो शिविर जारी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत पेड़ावरी के आश्रित ग्राम मोखा में शासकीय उमावि आमाकड़ा का राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया, जिसमें ग्राम प्रमुख, ग्राम गायता, ग्रामीण जन, प्राचार्य पीएल पाण्डे, अजय रावटे उपस्थित थे। प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी, साथ ही उनके लक्ष्य और बच्चों मार्गदर्शन किए। राष्ट्रीय सेवा योजना के सहायक क्रार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार ठाकुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के बारे में बताया और कब से संचालन हों रहा है उसके बारे में जानकारी दी गई।

### दो दिवसीय रामलीला पाऊरखेड़ा आज से

**दुर्गुकोंदल।** पाऊरखेड़ा में दो दिवसीय रामलीला आयोजन 21 और 22 अक्टूबर को होगा। रामलीला में लंकाकांड और किष्किंधा कांड की प्रस्तुति दी जाएगी। पाऊरखेड़ा रामलीला मंडली के मैनेजर चंपालाल टांडिया, जयलाल ध्रुव, रामजी पुड़ो, जागेश्वर पुड़ो, कलेश टांडिया, संजय टांडिया, पीलार कुलदीप, तुलाराम कुलदीप ने बताया कि हमारे गांव में हर साल रामलीला का कार्यक्रम होती है। गांव के कलाकार रामायण के शीर्षक अनुसार पात्र बनकर अभिनय करते है और गांव में रामलीला को लेकर भक्तिमय माहौल रहता है।

बारिश

## जिले के कई इलाकों में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश

# फसल कटाई के दौरान अचानक बारिश धान के लिए घातक, किसान हैं परेशान

### मौसम विभाग ने 24 अक्टूबर तक बारिश की संभावना जताई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले व आसपास के क्षेत्रो में पिछले दो दिनो से बारिश हो रही है। बारिश के कारण खड़ी फसल पर प्रभाव पड़ने लगा है। जिले के जिस क्षेत्र में अधिक बारिश हुई है, वहाँ किसानो के धान की फसल को नुकसान हुआ है। बारिश के कारण धान की फसल गिर चुकी है। मौसम विभाग ने आने वाले 24 अक्टूबर तक बारिश होने की संभावना जताई है।

- बारिश से खड़ी फसल के पौधे टूटे और दाने झड़ रहे हैं
- किसान नुकसान फसल के मुआवजा की करने लगे है माँग, अधिकारी सक्रिय

छत्तीसगढ़ से अूममन मानसून की वापसी 20 अक्टूबर के बाद हो जाती है। माना जा रहा है कि इस साल भी 20 से 25 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ से मानसून पूरी तरह से विदा हो जाएगा। मानसून की विदाई के साथ ही प्रदेश में हवाओं की भी दिशा बदलेगी। जिले के साथ साथ भानुप्रतापपुर, चारामा, दुर्गुकोंदल और दुधावा क्षेत्र में विगत दो दिनों से हो रही खंड वर्षा से किसान परेशान हो रहे है। धान की कुछ फसल को किसान काटने लगे थे, परंतु बारिश हो जाने से पूरी कटी फसल के खराब होने का प्रतिशत बढ़ गया है, किसानों को इस बारिश से चिंता सताने लगी है। खेतों में पानी भर जाने से फसल की कटाई करने में किसानों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। किसानों का कहना है कि अधिक बारिश होने के कारण खड़ी फसल पूरी तरह से जमीन से लिपट गया है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिले के कई ईलाकों में हवा तूफान के साथ भारी बारिश हुई है। तेज हवा-तूफान से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्र के प्रभावित किसान मुआवजा की मांग करने लगे है। किसान नुकसान की माँग के लिए अब जनदर्शन में गुहार लगा सकते है।



#### दुधावा क्षेत्र में किसानों को नुकसान

दुधावा क्षेत्र में बारिश आफत बन चुकी है, बारिश से खड़ी फसलों को नुकसान हुआ है। परेशान किसान सरकार से मुआवजा की मांग कर रहें है। मानसून की विदाई के साथ दुधावा क्षेत्र के किसानों की कई एकड़ फसल बर्बाद हो गई। किसानों के साथ वर्तमान में मौजूद कृषि विस्तार अधिकारी महेंद्र साहू ने किसानों के साथ मिलकर फसल बर्बादी का आंकलन लगाया है कि किसानों की हजारों एकड़ का फसल नुकसान हुआ है। प्रभावित किसानो में इंद्रभान साहू, रोहित कुमार साहू, हीरालाल साहू, राकेश कुमार साहू, अनिल महलांगे, कुंज बाई साहू, सुरेश कुमार राय की फसल को नुकसान हुआ है। कृषक श्याम कार्तिक जैन ने कहा की फसल को शुरू से लेकर अंतिम तक हम किट की प्रकोप से बचाते हैं, उसके बाद अचानक बारिश हो जाने के बाद हम बचा नहीं पाए तो हमारा फसल नुकसान हो गया है, उसका मुआवजा दिया जाए। किसान अपनी जायज मांग के लिए जनदर्शन जाने की तैयारी कर रहे हैं।






#### लोहत्तर इलाके के किसान परेशान

दुर्गुकोंदल विकासखंड के ग्राम पंचायत लोहत्तर के आश्रित ग्राम सोनादाई में अचानक बारिश और आंधी तूफान होने से खेतों में खड़ी धान की फसले खराब व पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। कई किसानों के खेतों में धान कि कटाई प्रारम्भ हो गया है और फसल खेत में ही रखा हुआ है। क्षेत्र में अचानक बारिश होना के कारण किसानों के लिए चिंतनीय विषय है। सोनादाई से परभेली के बीच कल शाम को अचनाक आंधी तूफान के साथ जोरदार हुई बारिश से धान खेतों में और पेड़ खेत में गिर गया, जिससे किसान चिंतित है। किसानों को काफी नुकसान होने की आशंका है। ग्रामीणों ने आस लगाया है कि किसानों को मुआवजा मिलना चाहिए, जिससे उन्हें थोड़ी बहुत राहत मिले। सबसे ज्यादा प्रभावित किसान गुरुदेवल दीवान, सबल दीवान, कंवल दीवान, मुरली दिवान, छबिलाल ठाकुर, अजित नायक, रमेश टांडिया, मानक भालेश्वर, कृष्णा बढ़ाई, गोपीराम ठाकुर, अहेंद्र देहारी, सम्मेलाल दीवान,गोविन्द दीवान, कदम दीवान, राजकुमार उसेंडी, बीरेंद्र दुग्गा, रघुराम नरेटी सहित अनेक किसानों के फसल बर्बाद हो गए। सभी किसानों ने सरकार से गुहार लगाया है कि फसल का मूल्यांकन कर मुआवजा दिया जाए।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो भाई गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



महतारी एक्सप्रेस की चपेट में आने से बाइक में सवार दो भाईयों को गंभीर चोट आया। घायलो को पखांजुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। चोट गंभीर होने की वजह से उचित उपचार के लिए हायर सेंटर धमतरी रिफर किया गया। घायल के पिता ने थाना पहुंचर सड़क दुर्घटना की शिकायत दर्ज कराया है।

पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 39 इंद्रप्रस्थ निवासी 49 वर्षीय अरविन्द विश्वास पिता केनाराम ने पुलिस को बताया कि 11 अक्टूबर को मेरा बड़ा बेटा अजय विश्वास एवं छोटा बेटा अमर विश्वास दोनो पूजा देखने मोटर सायकल से दुर्गुकोंदल गए थे। दुर्गुकोंदल से मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 7247 को मेरा बड़ा बेटा अजय विश्वास चलाकर पखांजूर आ रहा था। शाम करीबन साढ़े 5 बजें आश्रय अस्पताल पखांजुर के सामने पहुंचा था कि पखांजुर की ओर से आ रही वाहन क्रमांक सीजी 07 सीपी 0566, जिसमें 102 महतारी एक्सप्रेस लिखा हुआ था के चालक पीव्ही 19 बैकुण्ठपुर निवासी 33 वर्षीय गोस्टो सरकार पिता नरेन सरकार ने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरा बेटा के मोटर सायकल को ठोकर मार दिया, जिसे दोनो बेटा का पैर टूट गया और मोटर सायकल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त ▶▶|शेष पेज 10 पर

## जिला अस्पताल और राजापारा प्रवेश द्वार के आसपास स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के समाजसेवी संस्था जन सहयोग द्वारा 20 अक्टूबर को जिला अस्पताल के आसपास तथा निकट स्थित देव भूमि राजापारा गेट के पास साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सफाई के दौरान निकले कचरे को नगर पालिका के ट्रेक्टर के माध्यम से डंप स्थल की ओर भेजा गया। शहर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए जन सहयोग संस्था द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। समय समय पर चौक चौराहो पर सफाई अभियान चलाते हुए कूड़ा करकट को साफ किया जाता रहा। 20 अक्टूबर को जिला अस्पताल के आसपास की जगहो से ढेर सारा कचरा, डिस्पोजल आइटम्स तथा विभिन्न प्रकार की बोतलो साफ किया गया, जिसमें लगभग एक ट्रैक्टर कचरा निकला। कचरे को नगर पालिका के ट्रैक्टर को हस्तांतरित किया गया। जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने बताया कि अस्पताल जैसी जगह के पास इतना अधिक कचरा इकट्ठा होना अच्छी बात नहीं है, क्योंकि लोग अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं, इसीलिए हमारी संस्था ने इस क्षेत्र की संपूर्ण सफाई की है। हम आम जनता से भी अपील करते हैं कि कम से कम अस्पताल के आसपास तो कचरा ना फैलाएं। रविवार 20 अक्टूबर को सफाई अभियान के दौरान पूर्व सैनिक संयोग साहू, अरविंद चौहान, डॉक्टर श्याम देव, जितेंद्र प्रताप देव, धर्मेंद्र देव, प्रमोद सिंह ठाकुर, करण नेताम, भूपेंद्र यादव, डोमेश वलेचा, सदा साहू व अन्य का उल्लेखनीय योगदान रहा।

- जन सहयोग से कचरे को पालिका के ट्रैक्टर पर डंप स्थल भेजा गया



## आकाशीय बिजली से 6 मवेशियों की मौत, किसान ने लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में बीते 2 दिनों से शाम के समय अचानक हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, वहीं औचक बारिश के दौरान बिजली गिरने से शनिवार 19 अक्टूबर को 6 मवेशियों की मौत का मामला रविवार को सामने आया है।

जानकारी के अनुसार दो दिनों की आकाशीय बिजली के साथ बारिश हो रही है। इस बारिश के चलते विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम गुदुम में आकाशीय बिजली के चपेट में आने से 6 मवेशियों की मौत हो गई। ग्राम पंचायत गुदुम के सुंदरलाल नाग ने बताया कि मैं 19 अक्टूबर शनिवार को शाम के समय खेत के लाड़ी में था। शाम के समय गर्जना के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान सभी मवेशी बारिश से बचने के लिए महुआ झाड़ के नीचे जमा हो गए। बारिश के दौरान बादलों की गड़गड़हाट और आकाशीय बिजली लगातार चमक रही थी। आकाशीय बिजली अचानक महुआ पेड़ के नीचे खड़े मवेशियों पर गिरी, जिसमें पेड़ के नीचे खड़े 6 मवेशियों की मौत हो गई। ग्रामीण ने घटना की जानकारी गांव के सरपंच व कोटवार को दिया। ग्रामीण ने आपदा के चलते 6 मवेशियों की मौत होने पर मुआवजा की माँग किया है। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग ने औपचारिकता निभाया है। किसान का कहना है कि बेमौसम की बारिश ने हमारे मवेशियों की जान ले लिया है, वहीं फसल भी पूरी तरह से चौपट हो गई है। इस बारिश ने एक साथ हमारे जीवन में कई विपदाएं ला दी है। किसान ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन से गुहार लगाया है कि हमारी समस्या का निदान किया जाएं।

- दुर्गूकोंदल के ग्राम गुदुम में शनिवार को वज्रपात हुआ, अंचल में विगत दो दिनों से हो रही बारिश

## छोटे चार पहिया और यात्री बसें केशकाल घाट से होकर जाएगी

# केशकाल घाट में मरम्मत कार्य आज से, हैवी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर केशकाल घाट में सोमवार 21 अक्टूबर से मरम्मत कार्य शुरू होने जा रहा है, जिसके चलते भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ड किया जाएगा। रायपुर की ओर जाने वाले वाहनों को केशकाल से विश्रामपुरी होते हुए कांकेर और चारामा की दिशा में भेजा जाएगा। इस दौरान छोटे चार पहिया और यात्री बसें केशकाल घाट से होकर जा सकेंगी।

जानकारी के अनुसार केशकाल घाट में मोड़ में पूरी तरह से सड़क जर्जर हो गई है और गड्ढे हो गए है। केशकाल घाट की मरम्मत के बिना सड़क पर चलना दूभर हो गया है और दूसरे दिन जाम लग रहा है। आम लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क की जर्जर स्थिति को देखते हुए यह मरम्मत कार्य आवश्यक हो गया था। इस कार्य के बाद यातायात सुगम होगा और लोगों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार ने कार्य के लिए एजेंसी तय कर दिया है, परंतु काम करने के लिए मार्ग में यातायात को रोकना पड़ेगा। दीपावली के बाद केशकाल घाट पर आने जाने के लिए सभी वाहनों को रोकना पड़ सकता है, तभी सड़क का काम पूरा हो पाएगा, इसलिए बस व छोटे वाहनों को आने जाने के लिए और भारी वाहन व ट्रकों को जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार किए जा रहे है। वैकल्पिक मार्ग पर आने वाले जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को यातायात व्यवस्थित करने के लिए लगातार कोंडागांव कलेक्टर मानीटरिंग कर रहे है। ट्रकों को आने जाने के लिए सोमवार से डायवर्ड मार्ग पर जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

कोंडागांव कलेक्टर कुणाल ददावत लगातार प्रभावित सभी जिलों के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से संवाद करके ऐसी रणनीति बनाई है, जिससे आमजन परेशान न हो। ट्रक एवं भारी वाहन सोमवार 21 अक्टूबर को वैकल्पिक मार्ग से आना जाना प्रारंभ करेंगे, वहीं छोटे चार पहिया और यात्री बसें केशकाल घाट से होकर जा सकेंगी।




#### प्रशासन के द्वारा तय किया गया वैकल्पिक मार्ग




जगदलपुर की ओर से आने वाले वाहन जगदलपुर कोण्डागांव केशकाल विश्रामपुरी मचली दुधावा कांकेर चारामा धमतरी रायपुर।

राजनांदगांव की ओर जाने वाले वाहन दल्लीराजहरा (बालोद) कोण्डागांव बेड़मा धनोरा आमाबेड़ा अंतागढ़ भानुप्रतापपुर दल्लीराजहरा राजनांदगांव।

रायपुर की ओर से आने वाले वाहन रायपुर धमतरी चारामा कांकेर दुधावा मचली विश्रामपुरी केशकाल कोण्डागांव जगदलपुर।


हरिभूमि

## पाठक सूचना

कांकेर जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**7000955574, 9098324969**




## खबर संक्षेप

### श्रममंत्री ने निरीक्षक का किया सम्मान



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा 17 एवं 18 अक्टूबर को रायपुर स्थित होटल सयाजी मेग्नेटो मॉल के पीछे प्रातः 10 बजे से दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में श्रम विभाग के अधिकारियों एवं निरीक्षकों को विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण, जानकारी दिया गया। कार्यशाला के आखिरी दिन श्रम मंत्री के द्वारा राज्य से आए अधिकारी एवं निरीक्षकों से मुलाकात की एवं कार्यशाला का समापन किया। इस अवसर पर बीजापुर के श्रम निरीक्षक सोपान कणेर्वार के द्वारा जिले में चल रहे श्रम विभाग की योजनाओं और पंजीयन के कार्यों को देखते हुए श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन में श्रम विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद थे।

### यूजीसी नेट परीक्षा में केशव को तीसरा रैंक

**जगदलपुर।** बस्तर के केशव तिवारी ने यूजीसी नेट परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर मास कम्युनिकेशन विषय में तीसरा रैंक हासिल की है। वे बस्तर के ऐसे पहले प्रतिभागी हैं जिन्होंने मास कम्युनिकेशन की प्रतिष्ठा पूर्ण परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक हासिल किया है। वे जगदलपुर निवासी स्वतंत्र पत्रकार राजेंद्र तिवारी के सुपुत्र हैं। वर्तमान में वे जनजातीय क्षेत्र की पत्रकारिता पर शोध कर रहे हैं। इसके पूर्व 3 वषोंर् तक वे बस्तर विश्वविद्यालय में अतिथि प्राध्यापक के रूप में भी पत्रकारिता विभाग में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में तीसरा स्थान पाकर उन्होंने बस्तर समेत नगर को गौरवान्वित किया है।

### गीदम में हो मेडिकल कॉलेज की स्थापनाः अवधेश

गीदम। नगर पंचायत के पार्षद अवधेश गुप्ता ने शासन-प्रशासन से गीदम में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की गीदम में ही स्थापना की मांग की है। उन्होंने इसे यहां के विकास और चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए अत्यंत आवश्यक बताया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज को अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करने के बजाय गीदम में ही स्थापित किया जाए जिससे कि स्थानीय ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें और गीदम नगर के विकास और व्यापार में वृद्धि हो सके। पार्षद ने इसके लिए आवश्यक भूमि राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराने या स्थानीय जनता से प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना से न केवल स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा का अवसर मिलेगा, रोजगार और क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार होगा। अवधेश गुप्ता ने शासन से आग्रह किया कि गीदम और उसके आस-पास के गांवों के निवासियों की यह मांग है कि मेडिकल कॉलेज गीदम में ही स्थापित हो।

## बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का भव्य समापन

# गायिका मोनाली और साबरी ने दी शानदार प्रस्तुति







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर दशहरा पर्व में आयोजित बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का समापन शनिवार को संपन्न हुआ। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर और गायक शबाब साबरी ने शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। उनके गीतों ने एक नई ऊर्जा का संचार किया और रिमझिम बारिश के बावजूद हजारों दर्शकों ने तालियों से उनका स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। दशहरा पर्व पाट जात्रा से शुरू कई विधि-विधान के साथ माई दंतेश्वरी की डोली की विदाई के साथ आज समापन हुआ। बस्तर दशहरा के तहत 12 से 19 अक्टूबर तक लालबाग मैदान में बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का भी समापन आज किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायकों की प्रस्तुति, दायरा बैंड, स्थानीय लोक नर्तक दलों, स्कूली बच्चों की प्रस्तुति का सभी ने आनंद लिया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नक्सली घटना में शहीद हुए जवानों को नमन करते हुए कहा कि बस्तर में अशांति फैलाने वालों को साम, दाम, दंड-भेद के साथ जवाब देकर बस्तर में शांति स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

### 700 खिलाड़ियों की रही भागीदारी


कलेक्टर हरिस एस ने बताया कि सरस मेला में लगे स्वसहायता समूह और अन्य स्टाल में प्रदर्शनी सह विक्रय केंद्र में लगभग 65 लाख से अधिक राशि की विभिन्न उत्पाद एवं सामग्रियों की विक्रय की गई है। मशहूर भजन गायक बाबा हंसराज, दायरा बैंड, गायक शबाब सबरी और मोनाली ठाकुर के साथ स्थानीय लोकनृत्य दलों द्वारा की शानदार प्रस्तुति को जनता ने सराहा। 4 विधा में 8 समूह के 700 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

शनिवार को नारायणपुर क्षेत्र में हुई नक्सल घटना में शहीद जवानों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा द्वारा नवरात्र एवं बस्तर दशहरा पर्व के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए सायबर क्राइम से बचाव सम्बन्धी जानकारी दी गई। वहीं बस्तर पुलिस द्वारा सायबर क्राइम सम्बन्धी जनजागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### देवी दंतेश्वरी की कृपा से सब ठीक हुआ

विधायक किरण देव ने कहा कि बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी ने बस्तर को प्राकृतिक, खनिज सम्पदा सहित अन्य दर्शनीय स्थलों से नवाजा है। दशहरा को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर और भव्य रूप प्रदान किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्कृति विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग की प्रशंसा की और विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।






# स्वच्छता अभियान के तहत कमिश्नर सहित अन्य कार्यालयों में की गई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कमिश्नर कार्यालय और अन्य सरकारी कार्यालयों में शनिवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। राज्य शासन के निर्देशानुसार कमिश्नर डोमन सिंह की पहल पर हर माह के तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत सभी कार्यालयों की साफ-सफाई की जानी है।

कमिश्नर कार्यालय के साथ-साथ अन्य कई विभागों के कार्यालय का कर्मचारियों और अधिकारियों ने स्वच्छता कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यालय परिसर, गलियारे,



बैठक कक्ष और अन्य सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई और कचरे का उचित निपटान किया गया। इसके साथ ही कचरे के अलग-अलग वर्गीकरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई। कमिश्नर सिंह ने इस दौरान कहा स्वच्छता सिर्फ एक दिन का काम नहीं है, बल्कि इसे आदत में शामिल करना जरूरी है। कार्यालयों का साफ और स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि कार्यकुशलता में भी सुधार लाता है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल कार्यालयों को स्वच्छ बनाए रखना है, बल्कि कर्मचारियों और आम जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। यह पहल आने वाले महीनों में लगातार चलती रहेगी, ताकि सभी सरकारी कार्यालय स्वच्छ और स्वस्थ कार्यस्थल बने रहें।







# 22 मांगों पर महासंघ ने कार्यपालक निदेशक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ द्वारा 22 मांगों में विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर को पावर कंपनी के अध्यक्ष नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें विकाश सिंह प्रदेश मंत्री भारतीय मजदूर संघ, असीम गाईन, नवीन इक्का, चंद्रशेखर प्रसाद, संजय कौशिक, श्रीकांत साहू, तोरण हिरवानी एवं अधीक्षण अभियंता एसएस पांडव शामिल रहे। मांगों में राज्य सरकार की तरह पॉवर कंपनी में लंबित पुरानी पेंशन योजना शीघ्र लागू किया जाए। संविदा कर्मियों को पूर्व की भांति तत्काल नियमित किया जावे। तकनीकी कर्मचारियों को



भी 3 फीसदी तकनीकी भत्ता प्रदान किया जावे। पॉवर कंपनी में सुनिश्चित कैरियर प्लानिंग योजना-चतुर्थ उच्च-वेतनमान लागू किया जावे। समस्त कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति सूची शीघ्र जारी किया जावे। समस्त श्रेणी के कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची प्रथम नियुक्ति के आधार पर जारी किया जावे। वाहन भत्ता को महंगाई भत्ता से लिंक कर प्रदान किया जावे। संविदा कर्मियों के मानदेय में महंगाई भत्ता के आधार पर बढ़ोतरी कर भुगतान किया जाये। दैनिक, मासिक वेतन पर कार्यरत वाह्यस्त्रोत कर्मचारियों को श्रम सम्मान निधि प्रदान किया जाये। पॉवर कंपनी में कार्यरत लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को राज्य शासन की तरह कम्प्यूटर प्रोत्साहन भत्ता प्रदान किया जावे। जनरेशन कंपनी में कार्यरत भू-विस्थापित कर्मचारियों को वेतन पुनरीक्षण (वेज रिविजन) के एरियर्स राशि का भुगतान किया जावे। जनरेशन कंपनी में कार्यरत सुरक्षा सैनिकों का पूर्व की भांति सी-ऑफ की सुविधा बहाल किया जाये।



## खबर संक्षेप

### ग्रामीण की जहर सेवन से हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 58 निवासी कार्तिक सरकार ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां से ईलाज कराकर वापस आते समय 18 अक्टूबर को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। अधेड़ के द्वारा जहर सेवन का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।

### कन्या महाविद्यालय में कल होगी कार्यशाल

**कांकेर।** कन्या महाविद्यालय में 22 अक्टूबर कोजनजातीय समाज का गौरवषाली अतीत विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पीजी काँलेज के विधि विभाग के विभागाध्यक्ष विजय बेसरा, गोंडवाना समाज के संभागाध्यक्ष सुमेर नाग, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जेके बारले व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में होगा। कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय अस्मिता, अतीत एवं साथ ही भगवान बिरसा मुंडा ,षहीद वीर नारायण सिंह,गुण्डाधुर जैसे नायकों के स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका के अतिरिक्त अन्य अनाम जनजातीय वीर नायक नायिकाओं को वैश्विक पहचान देना है।

### स्वतंत्रता सेनानी इंदरू केवट की कल पुण्यतिथि

**दुर्गुकोंदल।** सुरूंगदोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इंदरू केंवट की पुण्यतिथि 22 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इंदरू केंवट के पुत्र वधु गौरीबाई निषाद, पौत्र भागीरथी निषाद, संतू निषाद ने बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा, साथ ही स्मृति सभा का आयोजन किया जाएगा। शासन ने सेनानी का दर्जा देकर हमारे परिवार का मान बढ़ाया है, लेकिन सरकार से हम सभी सेनानी परिवार को कोई मदद नहीं दे रही है। हम अपने खर्चे से पुण्यतिथि मनाते हैं। गांव में भी विशेष सुविधा शासन नहीं दे रही है।

### टमाटर 70 रुपए किलो में बिका

**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में लोकल टमाटर 70 रूपए एवं बेंगलोर का टमाटर 60 रूपए किलो में बिका और लहसून का दर स्थित हो गया, जो 400 रूपए किलो में खरीददार ले रहे। वहीं दशहरा पर्व समाप्त होने पर बाजार में ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार नहीं पहुंच रहे हैं। बाजार में रविवार को फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30, भट्टा 60, बरबटी 40, करेला 50, आलू 40, प्याज 60, अदरक 200, लहसून 400 रुपए किलो और लालभाजी 20 रूपए में 10 एवं पालकभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

# मातृशक्ति को सशक्त बनाने गांव में होगा महतारी सदन का निर्माण: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश सरकार महिलाओं को अब गांव में ही रोजगार प्रदान करने के क्षेत्र में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रीमंडल द्वारा महिलाओं को रोजगार के साथ जोड़ने के लिए नई योजना का शुरुआत की गयी है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किए जा रहे इस योजना का नाम महतारी सदन योजना है। इस योजना में सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में महतारी सदन बनाने की घोषणा की गई है। वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। महतारी वंदन योजना के बाद अब विष्णुदेव सरकार महतारी सदन के माध्यम से गांव की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान सशक्त करना चाहती है। महतारी सदन सर्व सुविधायुक्त होगा जहां महिलाओं के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जाएगी। नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत केसरपाल, मुंडागांव, भानपुरी, करंदोला और सोनारपाल में महतारी सदन का निर्माण कराया जायेगा। इन महतारी सदनों के तहत महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार का अवसर सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना को शुरू करने के पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए महतारी वंदन योजना का शुरूआत किया गया है। महतारी वंदन योजना के बाद अब छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी सदन योजना का शुरूआत किया गया है इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

## मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने भाजपा संकल्पित



■ महिलाओं को गांव में ही मिलेगा रोजगार

### क्षेत्रवासियों ने वनमंत्री का माना आभार

क्षेत्र में हो रहे विकास कार्योंं एवं महतारी सदन के लिए रचना महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष सुखमनी नाइक ने मंत्री केदार कश्यप का आभार मानते कहा कि क्षेत्र में सड़क, नाली, पुल- पुलिया तो बन रहा है। इसके साथ ही महिलाओं को सशक्त करने के दिशा में किया जा रहा यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। वहीं क्षेत्र के विधायक और शासन में मंत्री केदार कश्यप ने भी महिलाओं को आगे बढ़ाने में पूरा प्रयास किया है। उनके प्रयासों से हमारे क्षेत्र में महतारी सदन का निर्माण होगा। जिससे माताओं बहनों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सशक्तिकरण के दिशा में महिलाएं आगे बढ़ेगी।

### सबसे ज्यादा सामान बेचकर बस्तर रहा प्रथम, द्वितीय जांजगीर-चांपा और कोण्डागांव का रहा तीसरा स्थान

# उत्पाद विक्रय करने वाले समूहों और प्रतिभागी खिलाड़ी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर दशहरा पर्व के अवसर पर आयोजित क्षेत्रीय सरस मेला एवं बस्तर मड़ई में अधिकाधिक उत्पाद विक्रय करने वाले स्व-सहायता समूहों तथा खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिसके तहत राज्य सर्वाधिक सामग्री विक्रय करने वाले जिलों में बस्तर जिले को प्रथम, जांजगीर-चाम्पा जिले को द्वितीय तथा कोण्डागांव जिले को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इन जिलों के स्व-सहायता समूहों द्वारा क्रमशः 9 लाख 92 हजार 535 रुपए, 4 लाख 81 हजार 800 रुपए तथा 4 लाख 75 हजार 610 रुपए की उत्पाद एवं सामग्रियों का विक्रय किया गया। वहीं स्व-सहायता समूहों में नया सबेरा समूह महासमुंद को 2 लाख 20 हजार 300 रुपए की उत्पाद विक्रय करने के लिए प्रथम, धनलक्ष्मी समूह बालोद को 2 लाख 8 हजार 800 रुपए की सामग्री विक्रय करने हेतु द्वितीय तथा जय मौली माता समूह जांजगीर-चाम्पा को एक लाख 50 हजार 550 रुपए की उत्पाद विक्रय करने के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। बस्तर मड़ई के खेल स्पर्धाओं के तहत व्हालीबाल पुरूष में तुरेनार को प्रथम एवं तेतरखुटी को द्वितीय, व्हालीबाल महिला में पीजी कॉलेज हॉस्टल धरमपुरा को प्रथम एवं क्रीड़ा परिसर धरमपुरा को द्वितीय, खो-खो पुरूष में कृषि कॉलेज कुम्हरावंड को प्रथम एवं एरमुर लोहण्डीगुड़ा को द्वितीय और खो-खो महिला में जगदम्बा स्पोर्ट्स क्लब लोहण्डीगुड़ा को प्रथम एवं पीजी कॉलेज हॉस्टल धरमपुरा को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

### कबड्डी पुरूष और महिला दोनों में लोहण्डीगुड़ा अव्वल

कबड्डी पुरूष में मांदर लोहण्डीगुड़ा को प्रथम एवं बस्तर पुलिस बल जगदलपुर को द्वितीय तथा कबड्डी महिला में लामड़ागुड़ा लोहण्डीगुड़ा को प्रथम एवं कृषि कॉलेज कुम्हरावंड को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। वहीं केवल महिला वर्ग हेतु आयोजित रस्साकस्सी स्पर्धा में लोहण्डीगुड़ा को प्रथम एवं आड़ावाल को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय सरस मेला एवं खेल स्पर्धाओं में उल्लेखनीय सहयोग प्रदान करने अधिकारी-कर्मचारियों तथा खेल प्रशिक्षकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मलेशिया में रेखा ने लहराया बस्तर का परचम



**जगदलपुर।** शहर के अब्दुल कलाम वार्ड निवासी 70 वर्षीय रेखा सेन ने मलेशिया के कोआलालंपुर में आयोजित इंटरनेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में रेखा सेन ने गोला और तवा फेंक में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में चीन, श्रीलंका, सिंगापुर, फिलीपींस, हांगकांग, पाकिस्तान, थाईलैंड, ब्रुनेई, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड और उज्बेकिस्तान सहित कई देशों के खिलाड़ी शामिल थे। लेकिन रेखा सेन ने सभी को मात दी और देश के लिए गौरव हासिल किया। इसके पहले भी रेखा सेन नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में 2 गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। उन्हें खेल के दौरान मैदान में गिरने से सिर और घुटने में चोट आई, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपना साहस बनाए रखा और शानदार प्रदर्शन किया।

■ 70 वर्ष की अवस्था में इंटरनेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पाए दो मैडल

# आयुष के स्वास्थ्य मेले में 346 मरीजों ने कराई जांच



**दुर्गुकोंदल।** संचालक आयुष विभाग रायपुर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की योजनानुसार जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में 18 अक्टूबर को एक दिवसीय निःशुल्क रोग निदान एवं आयुर्वेद होम्योपैथिक पद्धति से चिकित्सा शिविर दुर्गा मंच दुर्गुकोंदल में हुआ। शिविर में चिकित्सकों द्वारा वात रोग, उदर रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग सहित अन्य सभी प्रकार के जटिल रोगों का आयुर्वेद होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति द्वारा निदान कर निःशुल्क औषधि वितरण किया गया।

शिविर में नेत्र परीक्षण 24, रक्त परीक्षण 23, आयुर्वेद चिकित्सा से 190, होम्योपैथिक चिकित्सा से 80, योग चिकित्सा 29 मरीज ने लाभ लिया। शिविर में डॉ. व्हीएस भदौरिया, डॉ. अमित कुमार दास, डॉ. प्रीति बाला ठाकुर, फार्मासिस्ट दिनेश राम, बसंती नेताम, सीमा कावड़े, अभिजीत कुमार, आयुर्वेद महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता इंदु चंद्राकर, सविता कोमरे, शिव प्रसाद बघेल, रामेश्वर नाग, जगदीश मरकाम, अशोक निषाद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पैथोलॉजिस्ट रूपेश कुमार, नेत्र सहायक टिकेश्वर ने अपनी सेवाएं दिया।

# दशहरा देखने गए युवक की बाइक की चोरी, चोर की तालाश में पुलिस

**कांकेर।** जिले में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। चोरो ने पुलिस की नाक में दम कर रखा है। चोरी की घटनाओं से संलिप्त कुछ आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता हाथ लगी है, लेकिन चोर अभी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहें है। चिल्हाटी में दशहरा देखने के लिए गए युवक की बाईक को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। पीड़ित ने कोरर थाना में बाईक चोरी होने की शिकायत दर्ज कराया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम घोड़दा निवासी वैष्णव कुमार साहू पिता स्व. सेवन साहू ने पुलिस को बताया कि सुरेली निवासी सुरेश कुमार गोटा पिता कामदेव गोटा से वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 2423 को खरीदा था, जिसका नाम ट्रांसफर नही हुआ है। उक्त वाहन को लेकर 16 अक्टूबर को चिल्हाटी में दशहरा देखने के लिए मेरे दोस्त भूपेश बघेल के यहां गया था। रात को लगभग 10 बजे मेरे दोस्त भूपेश बघेल के घर सो गया। दोस्त भूपेश मेरी मोटर सायकल को मांगकर दशहरा देखने दशहरा स्थान गया और वही पास में मोटर सायकल को खड़ी करके कार्यक्रम देखने लगा, कुछ समय बाद वापिस मोटर सायकल के पास आया, परंतु मैने जहाँ मोटर सायकल खड़ा किया था, वहाँ पर नहीं थी। उस दौरान आसपास मौजूद लोगो से पूछताछ किया, लेकिन मोटर सायकल का पता नही चल पाया। कोई अज्ञात चोर ने उक्त वाहन, जिसकी कीमत लगभग 25 हजार रूपएं को चोरी कर लिया।



पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# मूर्तिकार-चित्रकार सम्मेलन में विधायक ने दिया आश्वासन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य मूर्तिकार चित्रकार संघ की जिला ईकाई के द्वारा जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित विधायक आशाराम नेताम को कलाकारों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। छत्तीसगढ़ राज्य मूर्तिकार चित्रकार संघ की जिला ईकाई के द्वारा 20 अक्टूबर को पुराना कम्युनिटी हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि जिलेभर से इस विधा में काम करने वाले आज एकत्र होकर कार्यक्रम किए है, जो काबिले तारीफ है। अन्य अतिथियों में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष कुमार चक्रधारी, विशेष अतिथि देवानंद साहू, राजकुमार सोनवानी, बीरबल साहू और अशोक यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में उपस्थित पद्मश्री से सम्मानित अजय मंडावी ने भी मूर्तिकार के कार्यशैली को सराहा।

■ एकता से एक-दूसरे को सहयोग मिलता है, सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा : नेताम

छत्तीसगढ़ राज्य मूर्तिकार चित्रकार संघ की जिला ईकाई कांकेर के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुख्य अतिथि को अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। विधायक ने आश्वस्त किया कि आप लोगों की सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा से भरत मटियारा, राजा देवनानी, भूपेंद्र नाग के अलावा मूर्तिकार रंग राजू, चिंताराम चक्रधारी, जय पद्दा, महेश पेंटर, बीरेश चक्रधारी, विनय गोस्वामी, पप्पू पेंटर, गजेन्द्र यादव व समस्त मूर्तिकार उपस्थित रहे।

# नवाखानी में शामिल होकर सांसद ने महापर्व के उद्देश्य को गिनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अखिल भारतीय भतरा समाज के नयाखानी मिलन में सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। उनका समाज के सदस्यों ने पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया। कोण्डागांव जिले के माकड़ी में आयोजित नयाखानी में सांसद निर्वाचित होने के बाद पहली बार महेश कश्यप पहुंचे। उन्होंने कहा कि नवाखाई पर्व का मतलब सिर्फ उत्सव नहीं है। इसके अलावा भी अनेक उद्देश्य हैं। आदिवासियों के लिए पर्व ऐसा आयोजन होता है, जिसमें हजारों सालों से पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित ज्ञान को सतत हस्तांतरित करने का प्रयास करते हैं। हमारे पुरखों द्वारा संरक्षित प्रकृति के अनमोल उपहार आने वाली पीढ़ी को भी मिल सके। इस महापर्व में अनेक महान उद्देश्य छुपे हुए हैं, नया खानी महापर्व में प्रकृति में सर्वप्रथम उत्पदित धान को अपने पुरखों, देवी-देवताओं, पेन के समक्ष समर्पण करते हैं।

## साईं भक्तों ने अस्पताल परिसर में सफाई कर बांटा प्रसाद

**जगदलपुर।** सत्य साईं सेवा समिति ने साईं अवतरण दिवस पर रविवार को प्रातः ओंकारम, सुप्रभातम के बाद नगर भ्रमण संकीर्तन किया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। स्थानीय महारानी अस्पताल में मरीजों को बिस्कुट, विभूति प्रसाद का वितरण भक्तों ने किया। साथ ही अस्पताल परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साईं मंदिर में दो सफाई कर्मचारी मित्र सोनी और शेट्टी का अमृत कलश, मिष्ठान, श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके बाद भजन और महामंगल आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान महिला, पुरूष भक्तों की उपस्थिति रही।

### सारवंडी में आज से कबड्डी प्रतियोगिता

**दुधावा।** जय मां अंगार मोती क्रीड़ा समिति सारवंडी के तत्वाधान में दीपावली के पावन पर्व पर 21 अक्टूबर से राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। विजय टीम को प्रथम पुरस्कार 15 हजार 111 रूपएं, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार 111 रूपएं, तृतीय पुरस्कार 7 हजार 111 रूपएं, चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार 111 रूपएं से पुरूस्कृत किया जाएगा। यह जानकारी गोपेश कुमार साहू द्वारा दिया गया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# अलग-अलग हादसे में दो की हुई मौत वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर थानांतर्गत ग्राम चनार के मोड़ पास दो बाईक के बीच हुई टक्कर में एक चालक को सिर में गंभीर चोट आया था। घायल को ईलाज के लिए संजिवनी 108 की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चोट गंभीर होने की वजह से घायल को हायर सेंटर रिफर किया गया, जहां उसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। वही दूसरी घटना में ऐसेबेड़ा और मथुरा बाजार की बीच बाईक से गिरकर घायल होने से मौत हो गई थी। विवेचना में पाया गया कि मृतक जवाहर वार्ड कांकेर निवासी 53 वर्षीय संपत लाल यादव पिता लगनू राम यादव 12 सितंबर को अपने मोटर सायकल सीजी 05 एस 7582 में सवार होकर कांकेर से पंडरीपानी उमरादाह जा रहा था। दोपहर करीबन 2 बजे मेन रोड ग्राम चनार मोड़ के पास पहुंचा था कि आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 सीके 4417 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पिछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक के सिर, कान के पास, आंख के ऊपर गंभीर चोट लगा। घायल को 108 वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चोट गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया। घायल को रायपुर के डीकेएस अस्पताल में ईलाज के दौरान 14 सितंबर को मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट में मृतक के मौत का कारण सिर मे आई गंभीर चोट से आना बताया गया। आरोपी मोटर सायकल चालक के खिलाफ धारा 281,106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वही पखांजुर थानांतर्गत ऐसेबेड़ा और मथुरा बाजार की बीच बाईक से गिरकर महिला घायल हो गई, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सक ने घायल महिला का परीक्षण कर मौत होने की पुष्टि किया। महिला की मौत उपरांत पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि मृतिका सागर बाई निषाद 17 अगस्त को अपने बेटा जितेन्द्र निषाद के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजी 4810 में सवार होकर बीपी चेक कराकर मथुरा बाजार से वापस घर जा रहें थे। वापस घर जाते समय सुबह साढ़े 11 बजें जितेन्द्र निषाद मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चला रहा था, ऐसेबेड़ा और मथुरा बाजार के पास पहुंचे थे कि मोटर सायकल में पीछे बैठी मृतिका सागर बाई निषाद मोटर सायकल से गिरकर घायल हो गई। ईलाज के लिए पखांजुर के निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहों चिकित्सक ने परीक्षण कर बताया कि घायल महिला की मौत हो चुकी है। आरोपी मोटर सायकल चालक जितेन्द्र निषाद के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411